SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES (TERM-2)

CLASS : 5 — **SUBJECT:** HINDI

Prepared By: PUJA JAISWAL — **LESSON-** 17, आज का अर्जुन

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक ‘प्रतिभा’ से लिखिए ।

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

क) गेंदबाज भुनभुनाते हुए बोला ,”आज का दिन ही ख़राब है”|

ख) शेर का मुकाबला कर अर्जुन ने मालगाँव का नाम रोशन किया था |

ग) माँ बाहर पशुओं को चारा खिलाने में मगन थी |

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

क) प्रशंसा = तारीफ़

सभी अर्जुन की प्रशंसा करने लगे ।

ख) अनर्थ = अनिष्ट

अर्जुन अगर समय पर नही आता तो अनर्थ हो जाता ।

ग) सम्मानित = सम्मान

अर्जुन को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया |

प्रश्न ४) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए –

क) राम चाचा ने गाय बाँधने के लिए अर्जुन को ही क्यों आवाज़ दी ?

उत्तर- अर्जुन सबकी मदद करता है और वह बहादुर भी है जो गाय को आसानी से बांध देगा इसलिए राम चाचा ने गाय बाँधने के लिए अर्जुन को ही आवाज़ दी |

प्रश्न ५) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए –

क) अर्जुन ने शेर का मुकाबला किस प्रकार किया ?

उत्तर- शेर से मुकाबला करते हुए अर्जुन के चहरे पर डर का नामोनिशान नहीं था | शेर ने अर्जुन का एक हाथ अपने जबड़े में दबोच लिया था | अर्जुन ने अपने दूसरे हाथ से शेर का जबड़ा खोला और अपने हाथ को उसके जबड़े से निकला | लेकिन तब तक अर्जुन का हाथ लहूलुहान हो गया था अब अर्जुन ने मोटी रस्सी शेर के मुँह में फँसा दी | गाँव वालों के शोर मचाने और आग से डर कर शेर भाग गया |

व्याकरण

मुहावरे–

शब्दों का ऐसा समूह जो साधारण अर्थ ना देकर कोई विशेष अर्थ दे, वे मुहावरे कहलाते हैं।

उदहारण - १) अँगूठा दिखाना – किसी काम के लिए मना करना |

प्रश्न ६) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखिए-

क) गले लगाना = बहुत प्यार करना

ख) हाथ बँटाना = मदद करना

ग) पीठ दिखाना = हार मानना